हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 18 अक्टूबर 2025



04 ग्राहकों को लुभाने सराफा, ऑटोमोबाइल और...



08 कृषि उपज मंडियां भावांतर की खरीदी के लिए...



## खबर संक्षेप

### खाद्य पदार्थों की जांच का अभियान जारी

**नर्मदापुरम।** अनुविभागीय अधिकारी पिपरिया आकिप खान के निर्देशन में तहसीलदार वैभव बैरागी के साथ खाद्य सुरक्षा प्रशासन के खाद्य सुरक्षा अधिकारी जितेंद्र सिंह राणा एवं कमलेश दियाबार के द्वारा सघन जांच अभियान चलाया गया। जिसमें मालवा डेरी पर चार संदिग्ध बोरे और सपना स्वीट्स के यहां तीन संदिग्ध बोरे पाए गए। संबंधित जांच दल द्वारा उनका निरीक्षण किया गया, तो रिफाइंड पामोलिन ऑयल एवं वनस्पति से निर्मित खोवा बेस्ड स्वीट्स एवं हलवा ब्रांड पैक अवस्था में पाया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा उक्त नमूने जांच के लिए और शेष लगभग 408 किलो ब्रांड की खाद्य सामग्री जप्त की गयी।

### जल उपयोगिता समिति की बैठक 27 अक्टूबर को

**नर्मदापुरम।** सिंचाई हेतु संभागीय जल उपयोगिता समिति, नर्मदापुरम संभाग नर्मदापुरम की बैठक आयुक्त नर्मदापुरम श्री के.जी. तिवारी की अध्यक्षता में सोमवार 27 अक्टूबर 2025 को सायं 05:00 बजे तवा बांध स्थल (तवा कंट्रोल रूम) तवानगर में आयोजित की जाएगी। बैठक में तवा जलाशय तथा मध्यम एवं लघु जलाशयों के भंडारण की स्थिति आदि पर चर्चा होगी।


## पीडब्ल्यूडी मंत्री ने पत्र लिखकर विधायक नागवंशी को किया सूचित

# दीपावली पर सरकार का उपहार, पचमढ़ी में बनेंगी 27.66 करोड़ की लागत से सड़कें

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

मध्य प्रदेश के लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह ने पिपरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक ठाकुर दास नागवंशी को पत्र लिखकर सूचित किया है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत पिपरिया विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए प्रशासनिक स्वीकृति जारी कर दी गई है। स्वीकृत कार्यों में पचमढ़ी के लिए एक महत्वपूर्ण परियोजना शामिल है। हिल स्टेशन पचमढ़ी में आंतरिक सड़कों के निर्माण के लिए 9.20 किलोमीटर लंबाई की सड़क के लिए 17.24 करोड़ रुपये की लागत को मंजूरी दी गई है। दस्तावेज़ के अनुसार, इन चार परियोजनाओं की कुल लंबाई 17.10 किलोमीटर है और इन पर कुल 27.66 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

सतपुड़ा की रानी पचमढ़ी में अब 27.66 करोड़ की लागत से सडकों का निर्माण कार्य कराया जाएगा। इन कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृतियां जारी की गईं




### वीवीआईपी मूवमेंट को देखते हुए यह स्वीकृति थी जरूरी

बरसात के बाद पचमढ़ी की आंतरिक सड़कों की स्थिति काफी दायिनी हो चुकी थी जिसको देखते हुए काफी समय से शहर की जनता भी खराब सड़कों को लेकर सोशल मीडिया पर आवाज उठा रही थी इन सब बातों को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा पचमढ़ी को करीबन 9 किलोमीटर सड़कों के नवीनीकरण का तोहफा दिया गया है।

### इनकी मिली मंजूरी

- चौराहेट से हथनावड़ मार्ग, लंबाई 1.20 किमी, लागत 3.03 करोड़ रुपए
- पचमढ़ी में आंतरिक सड़कें लंबाई 9.20 किमी, लागत 17.24 करोड़ रुपए
- बाचावानी से अभियान बाडड़ी मार्ग, लंबाई 2.50 किमी, लागत 3.18 करोड़ रू
- नयागांव से हनोलिया मार्ग, लंबाई 4.20 किमी, लागत 4.21 करोड़ रुपए

### पचमढ़ी नगर में 9.20 करोड़ के 4 मार्ग स्वीकृत

राज्य शासन द्वारा नवीनीकरण किए जाने वाले मार्गों में केंट ऑफिस से होते हुए पुलिस थाना पचमढ़ी ओल्ड होटल जय स्तंभ तक, चर्च से हवाई पट्टी पचमढ़ी, जय स्तंभ से चंपक झील फॉरेस्ट ऑफिस तक, रुस्तम जी बांग्ला पीटीएस से अमलतास होटल शामिल हैं। जल्द ही शहरवासियों को नई सड़के मिलेंगी।

### राज्य सरकार ने प्रदान की स्वीकृति

पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता कैलाश गुर्दे ने बताया कि पचमढ़ी में सड़कों के नवीकरण को लेकर राज्य सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है मुख्य तौर पर पचमढ़ी और बाहरी क्षेत्र को जिम सरकारी विभाग एवं मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग की मुख्य होटल शामिल है इन्हें जोड़ने वाले मार्गों का नगरीकरण किया जाएगा। विभाग द्वारा जल्द ही इन कार्यों के डीपीआर बनाये जाएंगे।

# लोकल फार वोकल को दें बढ़ावाः सांसद दर्शन सिंह

## सांसद ने किया दीपावली बाजार का उद्‌घाटन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगरपालिका द्वारा एसएनजी ग्राउंड में आयोजित दीपावली बाजार का उद्घाटन शुक्रवार को सांसद दर्शनसिंह चौधरी द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव को निर्देशित करते हुए कहा कि बाजार सुव्यवस्थित लगना चाहिए, लोकल फार वोकल को बढ़ावा दें।

इसके लिए सभी मिलकर प्रयास करें। साथ ही जो एसएनजी ग्राउंड के बाहर दीपावली की सामग्री से संबंधित दुकानें लगी हैं उनको भी ग्राउंड में लेकर आएं। नपा का अतिक्रमण दल विशेष रूप से यह ध्यान रखें कि त्यौहारी बाजार के समय सड़क मार्ग किसी भी तरह से अवरूद्ध न हो।

इस अवसर पर सांसद श्री चौधरी ने बाजार से सामग्री खरीदकर नेकी दीवार पर दान की और आम नागरिकों, जनप्रतिनिधिगणों से आव्हान किया कि नेकी दीवार पर अधिक से अधिक सामग्री का दान करें जिससे कि नगर में जरूरतमंद परिवारों के काम आ सके। बाजार क्षेत्र का भ्रमण कर उन्होंने दुकानदारों से चर्चा कर उनको दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए हौंसला अफजाई की। इस अवसर पर उनके साथ नपाध्यक्ष

नीतू यादव, भाजपा नेता हंस राय, विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव, जिला मीडिया प्रभारी भाजपा अमित माहाला, वंदना दुबे, मनोज शर्मा, अमित तिवारी, नगरपालिका से उपयंत्री दीक्षा तिवारी, कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी, अतिक्रमण दल प्रभारी सुनील राजपूत, कपिल चौहान आदि उपस्थित थे।

# द चैम्प्स फन स्कूल में धूमधाम से मनाया गया दीपावली महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

ईशान परिसर स्थित द चैम्प्स फन स्कूल के रामायण हॉल में आज दीपावली महोत्सव बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं स्वागत गीत से हुई, जिसने पूरे वातावरण को भक्ति और आनंद से भर दिया। दीपावली महोत्सव से पूर्व, विद्यालय में पाँच दिवसीय विशेष दीवाली जागरूकता श्रृंखला आयोजित की गई थी, जो 13 अक्टूबर से 17 अक्टूबर 2025 तक चली। इस दौरान प्रतिदिन प्रातःकालीन असेंबली में बच्चों को दीवाली के पाँचों दिनों धनतेरस, रूप चतुर्दशी, दीपावली,



गोवर्धन पूजा और भाई दूज के महत्व एवं परंपराओं के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही बच्चों को दीपावली के दौरान रखे जाने मुख्य सुरक्षा उपायों के बारे में भी समझाया गया, जिससे वे त्यौहार को सुरक्षित तरीके से मना सकें।

आज के मुख्य कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। बच्चों ने एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुतियाँ दीं समूह नृत्य, समूह भजन, एकल नृत्य, एकल गीत तथा बच्चों द्वारा प्रस्तुत रामलीला ने सभी का मन मोह लिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सिम्मी पटेल संचालक, कृषि उद्योग विकास निगम, भोपाल, डी. एस. डांगी सेवानिवृत्त, समन्वयक, भारत विकास परिषद, डायरेक्टर जूही चटर्जी, प्राचार्य डॉ. आशीष चटर्जी की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा को बढ़ाया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने स्वागत गीत, दीप प्रज्वलन, समूह नृत्य, भजन, एकल नृत्य, एकल गीत नाटिका और प्राथमिक वर्ग का भजन प्रस्तुत किया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत रामलीला ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. आशीष चटर्जी ने स्वागत संबोधन दिया।

## खाद वितरण व्यवस्था में करें सुधार, डबल लॉक प्रबंधक काउंटर बढ़ाएः विधायक विजयपाल सिंह



**माखन नगर।** शुक्रवार को नरवाई प्रबंधन की कार्यशाला में विधायक ने खाद् वितरण की व्यवस्था पर डबल लॉक प्रबंधक विजय चौहान को कहा है कि खाद वितरण में किसानों की लाइन नहीं लगनी चाहिए काउंटर बढ़ाए एक काउंटर से खाद वितरण होने में किसानों को लाइन लगाना पड़ रहा है वहीं सहकारी समिति के प्रबंधकों से कहा है की जो भी किसान समिति के खातेदार सदस्य हैं उन्हें खाद् समय पर दें। सेवरान एनर्जी सॉल्यूशन कंपनी ने किसानों से नरवाई के निपटान के लिए आधुनिक संसाधन अपनाने पर जोर दिया कंपनी के डायरेक्टर इंदर सिंह राजपूत एवं अन्य अधिकारियों ने बताया फसल काटने के बाद आधुनिक मशीनों से रैपर और फ्लेटर करने से लाइन बन जाती है उसके बाद बेलन चलता है तो कचरा पूरा इकट्ठा होकर उपयोग में आता है जहां नरवाई का निपटान होगा वही जिस गांव में मशीन चलेंगी वहां के लोगों को रोजगार भी मिलेगा ट्रैक्टर किसानों के ही रहेंगे किसानों को ग्रामीण ड्राइवर को रोजगार मिलेगा विधायक विजयपाल ने किसानों से अपील की है की नरवाई ना जलाएं खेतों को नुकसान हो रहा है पर्यावरण को नुकसान हो रहा है।

# नर्मदा वैली इंटरनेशनल स्कूल में रामोत्सव का हुआ आयोजन, बच्चों ने प्रस्तुत किए रामायण के प्रसंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदा वैली इंटरनेशनल स्कूल में रामोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास एवं धार्मिक वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर भगवान श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। बच्चों ने अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों पर आधारित मनमोहक झाँकियाँ प्रस्तुत कीं, जिन्हें देखकर सभी श्रद्धा और भावविभोर हो उठे। कार्यक्रम में राम जन्म, केवट प्रसंग, सीता स्वयंवर, शबरी प्रसंग, राम दरबार, राम-रावण युद्ध जैसी झाँकियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। बच्चों ने अपने अभिनय, वेशभूषा और भाव-भंगिमा से हर दृश्य को



जीवंत कर दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण अयोध्या के रामलला की झाँकी रही, जिसने सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया।

पालकों एवं अतिथियों ने बच्चों की प्रतिभा और शिक्षकों की मेहनत की जमकर प्रशंसा की। विद्यालय के डायरेक्टर श्री मनीष अग्रवाल एवं डायरेक्टर श्रीमती निशा अग्रवाल ने कहा कि ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों में नैतिक मूल्यों, आदर्शों और भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना को प्रबल करते हैं। प्रिंसिपल इमरान खान ने कहा कि यह कार्यक्रम बच्चों के व्यक्तित्व विकास का उत्कृष्ट उदाहरण है। कोऑर्डिनेटर श्रीमती श्वेता शुक्ला ने सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों के समर्पण और टीम भावना की सराहना की।

### यात्री बसों में अधिक किराया लेने पर होगी कार्रवाई

**नर्मदापुरम।** परिवहन आयुक्त के निर्देशों के परिपालन में दीपावही त्योहार को लेकर बस चालकों तथा स्वामियों को बस स्टैंड नर्मदापुरम पर सुरक्षित परिवहन हेतु विभिन्न निर्देश एवं समझाइश दी गई। बसों में अग्निशामक यंत्र, मेडिकल बॉक्स तथा इमरजेंसी दरवाजे को दुरुस्त रखने तथा किराया सूची लगाने के निर्देश दिए गए। यात्रियों से अधिक किराया नहीं लेने को सख्त निर्देश दिए गए तथा शिकायत प्राप्त होने पर कठोर करवाई की सख्त निर्देश दिए गए। त्योहारों के दौरान सड़क पर निजी वाहनों के द्वारा भी अधिक परिवहन किया जाता है, इस हेतु बस चालकों को अधिक तेज गति तथा लापरवाही से बस ना चलाने के निर्देश दिए गए।

## सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर पदयात्रा को लेकर हुई बैठक

# पत्रकारवार्ताः युवा नेतृत्व और राष्ट्रीय एकता के लिए जिले भर में निकलेगी पद यात्राएं : सांसद दर्शन सिंह चौधरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भारतीय जनता पार्टी व्दारा सरदार 150 यूनिटी मार्च अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय पदयात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को समर्पित है। नर्मदापुरम जिले में यह पदयात्राएं 31 अक्टूबर से 25 नवंबर 2025 तक आयोजित की जाएंगी। जनता कार्यालय में आयोजित पत्रकारवार्ता में सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय गौरव, सामाजिक जिम्मेदारी और एकता की भावना को सशक्त करना है। यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनभागीदारी से राष्ट्र निर्माण




के विजन से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम युवाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करने, सामाजिक चेतना बढ़ाने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करेगा। विशेष रूप से अमृत पीढ़ी यानी आज के युवाओं को इस यात्रा का केंद्र बिंदु बनाया गया है। इस अभियान में सोशल मीडिया रील प्रतियोगिता, निबंध लेखन और सरदार 150 यंग लीडर्स प्रोग्राम"जैसी गतिविधियाँ शामिल हैं। चयनित 150 युवा नेताओं को राष्ट्रीय पदयात्रा में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

अभियान में जिला स्तरीय और राष्ट्रीय पदयात्राएं शामिल हैं। 31 अक्टूबर से 25 नवंबर तक होने वाली जिला स्तरीय यात्राओं में तीन दिन तक 8-10 किलोमीटर की पैदल यात्राएं होंगी। स्कूलों और कॉलेजों में निबंध, वाद-विवाद, संगोष्ठी, नुक्कड़ नाटक जैसे आयोजन होंगे।

सासंद कार्यालय नर्मदापुरम में जिला एवं मंडल टोली की बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर होशंगाबाद नरसिंहपुर लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला, नर्मदापुरम विधायक डॉ सीताशरण शर्मा, मध्यप्रदेश तैराकी संघ के अध्यक्ष पीयूष शर्मा, निर्भय सिंह राजपूत, प्रदेश संयोजक डॉ. अखिलेश खंडेलवाल, जिला महामंत्री ज्योति चौरे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



## खबर संक्षेप

### प्रेमगढ़ आश्रम कोसमी में गोवर्धन पूजा पर लगेगा छप्पन भोग

**बैतूल।** प्रेमगढ़ आश्रम कोसमी स्थित राधा कृष्ण मंदिर में 22 अक्टूबर को गोवर्धन पूजा का भव्य आयोजन होगा। श्री जगतगुरु प्रेम स्वामी महाराज वृंदावन वाले की पावन उपस्थिति में भजन-कीर्तन, सत्संग और गुरु दीक्षा कार्यक्रम संपन्न होगा। इस अवसर पर गोवर्धन भगवान को छप्पन भोग अर्पित किए जाएंगे। कार्यक्रम में दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचकर गोवर्धन दर्शन का लाभ लेंगे। आयोजन के उपरांत छप्पन भोग की प्रसादी का वितरण किया जाएगा। बंशीदास महाराज ने सभी भक्तों से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### फसल अवशेष जलाने से मुक्त ग्राम बनाने वाली पंचायत होगी पुरस्कृत

**बैतूल।** फसल अवशेष जलाने से मुक्त ग्राम बनाने में सबसे अच्छी प्रगति रखने वाली ग्राम पंचायत को पुरूस्कृत किया जावेगा। प्रदेश में फसल अवशेष एक गंभीर चिंता का विषय हैं क्योंकि देश के अन्य प्रदेशों की तुलना में मध्यप्रदेश में अत्यधिक घटनाएं घटित हुयी है। मृदा और पर्यावरण स्वास्थ्य के लिए इसकी रोकथाम अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि फसल अवशेष जलाने से मृदा पर प्रतिकूल प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है। वर्तमान में रबी और खरीफ फसल की कटाई के बाद फसल अवशेष को जलाना एक आम और चिंताजनक प्रथा है, जिसका उत्पादन और पर्यावरण दोनों पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। कलेक्टर की अध्यक्षता में फसल अवशेष जलाने की घटनाओं पर नियंत्रण करने के लिये बैठक का आयोजन किया गया जिसमें फसल अवशेष को जलाये बिना खेती को बढवा देने की कार्यायोजना एवं रणनिति के लिये जिला स्?तर पर फसल अवशेष प्रबंधन जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया जिसमें समिति द्वारा फसल अवशेष जलाने पर दंढ लगाने की व्यापक कार्यवाही की जावेगी एवं कानुन की अभेलना करने पर लाभ की वापसी जैसे न्युनतम समर्थन मुल्य पर फसलो को क्रय नहीं किया जायेगा, जिन ग्रामों के द्वारा एक टन धान के भूसे में लगभग 5.5 किलोग्राम नाइट्रोजन, 2.3 किलोग्राम फास्फोरस, 25 किलोग्राम पोटेशियम, 1.2 किलोग्राम सल्फर, धान द्वारा अवशोषित 50-70 प्रतिशत सूक्ष्म पोषक तत्व और 400 किलोग्राम कार्बन होता है, जो जलाने से नष्ट हो जाता है। उपरोक्त बैठक में सुश्री वंदना जाट अपर कलेक्टर, डॉ आनंद कुमार बडोनीया परीयोजना संचालक आत्मा, डॉ प्रमोद मीणा एवं अन्य विभाग के प्रमुख बैठक में उपस्थित हुये। अपर कलेक्टर महोदया द्वारा निदेर्शित किया गया की फसल अवशेष जलाने को रोकने व्यापक स्तर से प्रचार प्रसार किया जावे ।

### दीपावली से पहले वन सुरक्षा श्रमिकों के वेतन भुगतान की मांग

**बैतूल।** मध्यप्रदेश स्थायी कर्मी कल्याण संघ ने वनवृत बैतूल के अंतर्गत कार्यरत वन सुरक्षा श्रमिकों और चौकीदारों का वेतन लंबे समय से लंबित रहने पर गहरी नाराजगी जताई है। इस संबंध में संघ के जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बुंदेले ने मुख्य वनसंरक्षक वनवृत बैतूल, समस्त वनमंडलाधिकारियों तथा वन अनुसंधान एवं विस्तार केंद्र एवं वन विद्यालय बैतूल को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि वन सुरक्षा श्रमिकों और चौकीदारों का वेतन पिछले तीन से चार माह से नहीं मिला है, जिससे उनके परिवार आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं। दीपावली जैसे धार्मिक पर्व पर भी इन श्रमिकों के घरों में खुशियों के बजाय चिंता का माहौल है। दूरस्थ जंगलों में कार्यरत वनकर्मियों को न तो वेतन मिला है और न ही अवकाश सुविधा का लाभ मिल पा रहा है। लक्ष्मण बुंदेले ने प्रशासन से मांग की है कि वन सुरक्षा श्रमिकों, चौकीदारों एवं स्थायी कर्मियों का वेतन भुगतान तत्काल किया जाए ताकि वे भी अपने परिवार के साथ हर्षोल्लास से दीपावली मना सकें। उन्होंने यह भी आग्रह किया कि श्रमिकों को नियमित वेतन के साथ छुट्टी का लाभ भी दिया जाए। इस ज्ञापन की प्रतिलिपि प्रदेश अध्यक्ष भाजपा तथा क्षेत्रीय विधायक बैतूल विधानसभा हेमंत खण्डेलवाल को सूचनार्थ प्रेषित की गई है।

## धनतेरस को लेकर सजा बाजार, ऑफरों की भरमार, उमड़ेंगे खरीदार

# ग्राहकों को लुभाने सराफा, ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक बाजार में अनेकों वैरायटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

धनतेरस तथा दीपावली पर्व को लेकर दुकानदारों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। विशेष सजावट से दुकानों को सजाने के कारण पूरा बाजार जगमगा गया है। दुकानदार अपनी-अपनी दुकान के आगे वस्तुओं का डिसप्ले करने के लिए बडे-बडे टैंट लगाकर उनमें सामान रख ग्राहकों को रिझाने का प्रयास कर रहे हैं। बाजार में भी लोगों की भीड़ दिखाई देने लगी है। जिसके कारण धनतेरस और दीपावली त्योहार को लेकर हर जगह चहल पहल बढ़ सी गई है। धनतेरस को लेकर सोने-चांदी की दुकानदारों ने भी ग्राहकों की डिमांड तथा लेटेस्ट फैशन को देखते हुए पहले से ही आभूषणों को तैयार कर रखा है। ताकि सामग्री लोगों को देखते ही पसंद जाए और उनकी बिक्री जोरों पर हो। धनतेरस को लेकर सोने-चांदी के शोरूम भी ग्राहकों के लिए सज कर तैयार हो गए हैं। दुकानदारों द्वारा धनतेरस को लेकर अच्छी खरीददारी के कयास लगाए जा रहे हैं। जिसके चलते



लोगों में भी उत्साह का माहौल बना हुआ है। हालांकि लोग धनरतेरस पर खरीदारी करना शुभ मानते हैं। ऐसे में धनतेरस पर खरीदारी के लिए बाजारों में बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। व्यापारी भी बाजार में ग्राहकों की संख्या को देखकर खरीदारी अच्छी होने की उम्मीद लगा रहे हैं।

### लुभावने ऑफरों की भरमार

बाजार के हर सेक्टर में ऑफर्स की भरमार है। कहीं कैशबैक है, तो कही छूट दी जा रही है। हर छोटे-बड़े शोरूम से खरीदारी करने वालों को निश्चित उपहार दिये जा रहे हैं। इलेक्ट्रानिक उपकरणों के भी स्टॉल लगाये गये हैं। लोग एक सप्ताह पहले से ही डेमो लेने आ रहे हैं। कम बिजली खपत वाले टीवी, फ्रीज, वाशिंग मशीन, एसी, माइक्रोवेव ओवन, डिशवाशर, म्यूजिक सिस्टम, मोबाइल फोन, लैपटॉप और नये गैजेट्स की डिमांड है। इधर स्ट्रील बर्तनों की भी दुकानें सज गई हैं। व्यापारियों ने नई डिजाइन के स्टील के बर्तन के साथ गिफ्ट आइटम मंगाए हैं। इस बार महंगाई जरूर है। हालांकि व्यापारियों को इस बार अच्छे व्यापार की उम्मीद है। धनतेरस पर सबसे ज्यादा स्टील, पीतल और कांसे के बर्तनों की बिक्री होती है। ऐसे में सभी दुकानों पर स्टील के बर्तन सज गये हैं। कोठीबाजार और गंज क्षेत्र में कई दुकानों के बाहर ऑफर्स भी टंगे हुए हैं।

### सराफा बाजार में अच्छे कारोबार की उम्मीद

भारतीय परंपरा और मान्यताओं के अनुसार धनतेरस को सोने या चांदी में निवेश करने के लिए सबसे शुभ माना जाता है। ऐसे में सोने के भाव भले ही आसमान छू रहे हो, लेकिन व्यापारी अच्छी बिक्री की उम्मीद लगाए हैं। सराफा व्यापारियों ने बताया कि बाजार में चांदी के गणेश-लक्ष्मी की मूर्तियों के साथ अलग-अलग आकार के सोने, चांदी के सिक्के ग्राहकों के लिए उपलब्ध है। ज्वेलरी खरीदने के लिए भी लोग धनतेरस का इंतजार करते हैं। डायमंड ज्वेलरी आजकल ज्यादा ट्रेंड में हैं। सोने के भाव ज्यादा है तो हल्के वजन में अच्छी डिजाइनों के आभूषण लोग खरीदकर ले जाते हैं। इसी

## दो चोर कर्मचारी समेत तीन गिरफ्तार

# बारदाना में पैक कर निकालीं 1 लाख दस हजार की साड़ियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

पुलिस ने साड़ी के गोदाम में हुई चोरी का खुलासा कर दिया है। इस मामले में बोथरा फैशन हाउस के दो कर्मचारियों सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

पुलिस ने चोरी का माल भी बरामद कर लिया है। फरियादी विवेक बोथरा (40), निवासी गोठी कॉलोनी, बैतूल ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उनकी कोठीबाजार स्थित राम मंदिर के सामने बोथरा फैशन हाउस नाम से कपड़ों की दुकान है। उन्होंने आगामी दीपावली पर्व के लिए नागपुर से साडियों का नया स्टॉक मंगवाया था, जिसे दुकान के सामने स्थित अपने गोदाम में रखा था। 14 अक्टूबर 2025 को दोपहर लगभग 2 से 3 बजे के बीच दुकान के कर्मचारी महादेव अतुलकर और गुफरान खान ने बारदाना खरीदने वाले व्यक्ति रवि सुरे के साथ मिलकर गोदाम से साडियों के पार्सल चुरा लिए। तीनों ने चोरी की गई साडियों को बारदानों के साथ रवि की गाड़ी में रखकर वारदात को अंजाम दिया। चोरी की गई साडियों की अनुमानित



कीमत 1 लाख 10 हजार रुपये है। दुकान के अन्य कर्मचारी राजा देशमुख, खुवराज कापसे और रोहित बचले इस घटना के प्रत्यक्षदर्शी हैं। शिकायत पर थाना कोतवाली पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर त्वरित कार्रवाई शुरू की। यह कार्रवाई एसडीओपी बैतूल आरडी शर्मा के मार्गदर्शन में की गई। पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन ने जिले में दीपावली पर्व के मद्देनजर व्यापारिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए थे। तीनों आरोपियों महादेव अतुलकर, गुफरान खान और रवि सुरे को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। इसमें सउनि. केके बाथरे और कोतवाली पुलिस शामिल रही।

## मठारदेव मेला परिसर के बाहर से बनेगा इमरजेंसी रोड

# परिषद की बैठक, मेला परिसर में स्थान बढ़ाने को लेकर हुए निर्णय

**सारनी।** नगर पालिका परिषद सारनी में शुक्रवार 17 अक्टूबर को परिषद के विशेष सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें मठारदेव बाबा मेले की तैयारियों को लेकर विभागीय कार्ययोजना पर के तहत कार्य कराए जाने पर चर्चा हुई। इस बार मेले के पूर्व इमरजेंसी एवं वीआईपी रोड को परिसर के बाहर से किया जाएगा। इसके अलावा दुकानों से प्लाट किराया वसूली करने का कार्य खुद नगर पालिका संभालेगी।



परिषद का विशेष सम्मेलन दोपहर 1 बजे से शुरू हुआ। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, उपाध्यक्ष जगदीश पवार, विधायक प्रतिनिधि सुधा चंद्रा, नेता प्रतिपक्ष आनंद पिंटिश नागले, पार्षद छाया अतुलकर, भीम बहादुर थापा, मीना सिंह, किरण झरबड़े, ज्योति नागले, चंद्रा सोनेकर, संगीता धोटे, प्रवीण सोनी, भावना माकोड़े, हरिता पाल, इशरत बी, बेबी ठाकुर योगेश बर्डे, गणेश महस्की, मो. जफर अंसारी, महेंद्र भारती, अनिता बेलवंशी, आकाश पंद्राम, बेबी बिंझाड़े, रेखा मायवाड़, रेखा भलावी, दशरथ सिंह जाट, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीके मेश्राम उपस्थित थे। परिषद को विभागीय कार्ययोजना की जानकारी दी गई। इसके बाद अध्यक्ष किशोर बरदे ने बताया कि मेला परिसर के भीतर बने इमजेंसी एवं वीआईपी रोड को परिसर के बाहर से किया जाएगा। आकस्मिक स्थिति में इससे आवागमन सुलभ होगा। इसके अलावा अस्थाई शौचालयों को भी परिसर के बाहर नालों के पार करने की योजना है। मेले में कार्यक्रमों के लिए स्थल बढ़ाने हेतु ऑडिटोरियम

# महिला शिक्षिका ने 80 बच्चों को भेंट किए गर्म स्वेटर

### खुशी से झूम उठे बच्चे, शिक्षिका ने कहा-दीपावली गिफ्ट



**मुलताई।** शासकीय प्राथमिक और माध्यमिक शाला सोनोरा में पदस्थ शिक्षिका सुनीता मालवीय ने स्वयं के पैसे से खरीद कर 80 छात्र-छात्राओं को गर्म स्वेटर भेंट किए हैं। सुनीता मालवीय ने बताया कि ठंड का समय प्रारंभ हो रहा है। कुछ बच्चों के पास स्वेटर होते हैं, कुछ के पास नहीं होते इसलिए मैंने सभी बच्चों के लिए दीपावली गिफ्ट के रूप में 80 बच्चों को यह स्वेटर भेंट किए हैं। महिला शिक्षिका के यह प्रयास सराहनीय एवं प्रेरणादायक है। सभी बच्चों को यह स्वेटर आज स्कूल स्टाफ के समक्ष स्कूल ग्राउंड पर वितरण किए गए स्वेटर पाकर सभी बच्चों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा इस अवसर पर शासकीय प्राथमिक और माध्यमिक शाला सोनोरा के मारुतिराव देशमुख और योगीराज कोसे शिक्षक उपस्थित थे उन्होंने मालवीय शिक्षिका को धन्यवाद दिया।

# स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का हुआ समापन



**सारनी।** केन्द्रीय विद्यालय सारनी डब्ल्यूसीएल में 17 सितंबर से 16 अक्टूबर तक विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिनका उद्देश्य छात्रछात्राओं तथा स्टाफ में महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण एवं सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम के अंतर्गत स्नेहलता ने विशेष प्रार्थना सभा में स्वास्थ्य जागरूकता सत्र एवं शपथ का संचालन किया तथा महिलाओं के स्वस्थ रहने को राष्ट्र की प्रगति से जोड़ा। श्वेता वर्मा द्वारा पोषण संकल्प दिलाया गया, जिसमें संतुलित आहार अपनाने पर बल दिया गया। रीमा अरोड़ा के निर्देशन में पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता द्वारा महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। शाहीन हुसैन ने स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाकर स्वच्छता और रोगनिवारण पर प्रकाश डाला। वहीं भारती गुजरे ने वोकल फॉर लोकल विषय पर सत्र लेकर स्थानीय पौष्टिक खाद्य पदार्थों को अपनाने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रशांत पैलवार ने सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों के प्रयासों को सराहा और कहा कि महिला स्वास्थ्य और सशक्तिकरण ही सशक्त समाज की नींव है। इससे विद्यार्थियों में जागरूकता और संवेदनशीलता का प्रसार होना अत्यंत प्रशंसनीय पहल है। संचालन वरिष्ठ शिक्षक ब्रजेश वर्मा के निर्देशन में हुआ। माह भर हुई इन गतिविधियों ने विद्यालय में महिला स्वास्थ्य और सशक्तिकरण के प्रति सकारात्मक संदेश फैलाया तथा विद्यालय की राष्ट्रीय अभियानों के प्रति प्रतिबद्धता को सशक्त रूप से प्रदर्शित किया।

# अंतरराष्ट्रीय किशोरी बालिका दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित



**बैतूल।** एकीकृत महिला एवं बाल विकास परियोजना बैतूल ग्रामीण सेक्टर बैतूल-2 के अंतर्गत ग्राम कोदारोटी के हाई स्कूल में अंतरराष्ट्रीय किशोरी बालिका दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन सेक्टर पर्यवेक्षक अर्चना तिवारी के मार्गदर्शन में किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तुलसी मोरले ने कार्यक्रम के दौरान उपस्थित किशोरी बालिकाओं को माहवारी स्वच्छता, व्यक्तिगत साफ-सफाई तथा गुड टच और बैड टच के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किशोरावस्था में स्वच्छता और आत्मरक्षा का ज्ञान आवश्यक है। इस अवसर पर बालिकाओं को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान की जानकारी दी गई तथा एनीमिया खून की कमी जैसी बीमारियों से बचाव के उपाय भी बताए गए। किशोरियों को संतुलित आहार एवं स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में 11 से 18 वर्ष की आयु वर्ग की सभी किशोरी बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ललिता यादव, शिक्षिकाएं ज्योति सातनकर, मोना पवार, मनाली झोड़ आदि मौजूद थे।

# प्रधानाचार्यों व प्रधानाध्यापकों की एक दिनी उन्मुखीकरण समीक्षा बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

सक्षम कार्यक्रम के अंतर्गत सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग विवेक पांडे के मार्गदर्शन में चिचोली विकासखंड में प्रधानाचार्यों एवं प्रधानाध्यापकों के लिए एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला एवं समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में कुल 48 प्रधानाचार्य एवं प्रधानाध्यापक सम्मिलित हुए। विकासखंड शिक्षा अधिकारी दीपक महाले ने सक्षम कार्यक्रम के अंतर्गत गतिविधियों की समीक्षा की। साथ ही सक्षम कार्यक्रम के सत्रों कों प्रत्येक शाला की समय सारणी से जोड़ कर गुणवत्तापूर्ण संचालन करने और कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की त्रुटि या शिथिलता स्वीकार नहीं किए जाने की बात कही। उन्होंने शिक्षण कार्यों एवं स्टाफ दायित्वों में समानता लाने की दिशा में अपने विचार साझा किए और निर्देश दिए कि संकुल प्राचार्य मासिक बैठक में सक्षम एजेंडा की समीक्षा को अनिवार्य रूप से शामिल करें।

**जीवन कौशल मॉड्यूल्स पर की विशेष चर्चा :** ब्लॉक एकेडमिक कोऑर्डिनेटर श्रीमती अरुणा साहू ने समस्त प्रधानपाठकों एवं संकुल प्राचार्यों, सीएसी को



प्रतिमाह 2-3 एसक्यूएमएफ फॉर्म भरने के निर्देश दिए, ताकि विद्यालयों में सतत शैक्षणिक गुणवत्ता की निगरानी सुनिश्चित की जा सके। कार्यशाला के दौरान वर्ष 1 एवं 2 के जीवन कौशल मॉड्यूल्स पर विशेष चर्चा हुई। संदीपनि विद्यालय नसीराबाद चिचोली के प्राचार्य एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी श्री दीपक महाले द्वारा विद्यालय में संचालित सक्षम कार्यक्रम कों लेकर अपने अनुभव साझा किए गए। साथ ही मास्टर ट्रेनर श्री आरिफ खान द्वारा डेमो सत्र आयोजित किया गया, जिनमें वास्तविक शिक्षण प्रक्रियाओं का प्रदर्शन किया गया। जेंडर ट्रांसफॉर्मेटिव दृष्टिकोण पर भी विचार-विमर्श किया गया तथा शिक्षण में इसे एकीकृत करने के व्यावहारिक उपायों पर चर्चा की गई।

## कार्यालय व परिसर किया साफ

# स्वच्छता को संस्थागत रूप देने अधिकारी-कर्मियों ने थामी झाड़ू



**बैतूल।** स्वच्छता को संस्थागत रूप देने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत सरकारी कार्यालयों में सफाई व्यवस्था को प्राथमिकता दी जा रही है। कलेक्टर नरेंद्र कुमार सुर्यवंशी के निर्देश पर शुक्रवार को जिला आबकारी कार्यालय में अधिकारी-कर्मचारियों ने स्वयं झाड़ू उठाकर अपने कार्यालय और परिसर की सफाई की।

इस अवसर पर विभाग प्रमुख अंशुमान सिंह चढ़ार सहित तमाम निरीक्षक, आरक्षक, सिपाही और क्लेरिकल स्टाफ मौजूद रहे। सभी ने मिलकर कार्यालय के विभिन्न कक्षों, रिकॉर्ड रूम, मुख्य हॉल और बाहरी परिसर की सफाई की। कर्मचारियों ने एकजुट होकर कचरा एकत्र किया, झाड़ू लगाई और साफ-सुथरे वातावरण का उदाहरण पेश किया। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक स्वच्छता को संस्थागत रूप दिए जाने वाले अभियान के अवसर पर कलेक्टर के निर्देशों के पालन में यह अभियान चलाया गया है, ताकि स्वच्छता को केवल एक दिवस तक सीमित न रखकर इसे संस्थागत रूप दिया जा सके। उन्होंने कहा कि यदि कार्यस्थल स्वच्छ रहेगा, तो न केवल कार्य वातावरण बेहतर होगा बल्कि कर्मचारियों की कार्यक्षमता और मनोबल भी बढ़ेगा।

## पुराने अस्पताल भूमि पर लगा दीपावली बाजार, उमड़ेंगे खरीदार

# पहल सराहनीय, किंतु गंभीर नहीं नगर प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

नगर पालिका ने नवाचार करके दीपावली बाजार को इस वर्ष पुराने अस्पताल की भूमि पर लगाया है। अब जय स्तंभ चौक से लेकर फव्वारा चौक तक मुख्य मार्ग पर लगने वाली दीपावली पर्व से संबंधित सामग्रियों की दुकाने नहीं लग सकेगी। यातायात बाधित न हो मुख्य मार्ग पर अत्यधिक भीड़ न हो इसे देखते हुए नगरपालिका का यह प्रयास सराहनीय है। किंतु गरीब व्यापारियों के लिए जिस प्रकार वर्ष में एक बार आने वाले यह साप्ताहिक बाजार जितने महत्वपूर्ण होते हैं नगरपालिका उसे उतनी गंभीरता से नहीं लेती। व्यापारी बताते हैं कि नगरपालिका ने दीपावली बाजार भरने के नाम पर चुना डालकर प्लाट काट दिए। आज जब यहां दुकान लगाने का समय आया तो यहां चूने के अलावा कोई व्यवस्था नहीं थी। बाजार में दुकान लगा दी गई है। इसके बाद शाम 5 बजे तक लाइटिंग व्यवस्था नहीं की गई थी। लाइटिंग टावर खड़े किए जा रहे थे। नगरपालिका कर्मचारियों ने बताया कि पानी का टैंकर बुलाया गया है, किंतु समाचार लिखे जाने तक यहां पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं



थी। नगरपालिका ने मुख्य मार्ग से अतिक्रमण हटाकर यहां पार्किंग बनाने की बात कही थी, किंतु पार्किंग कहां होगी, अब तक यह निश्चित नहीं है। अगर सभी वाहन बाजार में खड़े किए जाएंगे तो वार्षिक दीपावली बाजार में अव्यवस्था होना तय है ।

**बाजार लगाने में छोटे कर्मचारियों के छूट जाते हैं पसीने :** जिस प्रकार गरीब व्यापारियों के लिए यह महत्वपूर्ण व्यापारिक सप्ताह होता है। नगर प्रशासन इसे गंभीरता से नहीं लेता। सारी व्यवस्था छोटे कर्मचारियों के हवाले छोड़ दी जाती है। छोटे कर्मचारियों को स्थानीय व्यापारियों का विरोध मोल लेकर दुकानों को चिन्हित बाजार में लगाना होता है, जहां विवाद भी होते हैं। इनके साथ कोई बड़े अधिकारी या पुलिस कर्मचारी नहीं होते। दूसरी ओर कुछ लोग जबरन विवाद करते हैं। कुछ लोग हाथ ठेले पर दुकान सजा लेते हैं। ऐसे में बाजार में दुकान लगाने वाले व्यापारी ठगा महसूस करते हैं।

**प्रचार प्रसार के अभाव में छोटे व्यापारियों को उठाना पड़ता है नुकसान:** जब भी किसी पर्व पर विशेष बाजार लगाने की बात आती है, नगरपालिका कहती है कि प्रचार प्रसार कर लोगों को बाजार तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे, किंतु नगर पालिका इस दिशा में कुछ ठोस नहीं करती और नतीजा यह होता है कि बाजार के दो दिन गरीब व्यापारियों के लिए कठिन हो जाते हैं।

### इनका कहना है

दीपावली बाजार में लगभग सभी व्यवस्था कर दी गई है और इसके अलावा शेष सभी व्यवस्था की जा रही है ।

**संतोष शिवहरे,** प्रभारी दीपावली बाजार, नगर पालिका मुलताई



## वंशिका का टेबल टेनिस में शानदार प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

छावनी परिषद पचमढ़ी स्टॉफ के द्वारा राकेश राजपूत की पुत्री वंशिका राजपूत जो कि राजा भभूत सिंह शास महाविद्यालय पचमढ़ी में बी ए तृतीय वर्ष की छात्रा हैं पचमढ़ी आगमन पर इंद्रप्रस्थ चौराहे पर माला पहनाकर ढ़ोल ताशों के साथ धूम धाम से स्वागत अभिनन्दन किया गया।

क्रीड़ा अधिकारी डॉ सत्य प्रकाश पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि वंशिका राजपूत ने शासकीय संजय गाँधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय गंजबासौदा में आयोजित संभाग स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में शानदार खेल का प्रदर्शन किया। इनका यह लगातार तीसरी बार राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हैं। अपने राज्य के साथ ही इसबार बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय का भी प्रतिनिधित्व करेंगी। इसके अतिरिक्त इन्होने स्कूल स्तर पर भी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पचमढ़ी नगर का नाम रोशन किया हैं।

### शहर में दो स्थानों पर लग रहीं प्रतिमा, मिट्टी के दियों व पूजन सामग्री की दुकानें

# एसडीएम ने स्थानीय उत्पाद को बढ़ावा देने खरीदे मिट्टी के दीपक

**प्रयास थे कि उपमंडी परिसर में ही दीपपर्व दौरान उपयोगी सामग्री की सभी दुकानें एक साथ संचालित हों। लेकिन दबाव के चलते प्रशासन को दो स्थानों पर दुकान संचालक पर सहमति देनी पड़ी।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर शहर में मिट्टी के दिये व लक्ष्मी प्रतिमाओं सहित प्रसाद व अन्य पूजनोपयोगी सामग्री दुकानें दो स्थानों पर लगाई जा रही हैं। यद्यपि प्रशासन का प्रयास था कि उपमंडी परिसर में ही दीपपर्व दौरान उपयोगी सामग्री की सभी दुकानें एक साथ संचालित हों। लेकिन अज्ञात दबाव के चलते प्रशासन को दो स्थानों पर दुकान संचालक पर सहमति देनी पड़ी है।

उल्लेखनीय है कि पटाखा बाजार आज से उपमंडी परिसर में सजेगा। वहीं प्रशासन की अपेक्षा थी कि पटाखा बाजार सहित मिट्टी के दिये, प्रसाद, फूलमाला व मिट्टी प्रतिमाओं की दुकानें भी उपमंडी परिसर में ही संचालित हों। लेकिन कुछ अज्ञात कारणों सामने आए। चर्चा अनुसार गत दिनों हुई बैठक में यह तय हुआ कि गौतम वार्ड में पूजन सामग्री व प्रतिमा दुकानें लगाई जाएंगी। इसके बाद भी कई दुकानदार शुक्रवार सुबह मोरछली क्षेत्र में दुकान लगाने पहुंच गए थे। जबकि कुछ दुकानदार गौतम वार्ड में दुकानें लेकर पहुंच चुके थे। मुख्य बाजार के मोरछली क्षेत्र में पहुंचे व्यापारी इस बात पर सहमत हुए कि स्टेट हाईवे पर यातायात बाधित ना हो, अतः दुकानें उपमंडी में संचालित की जाएं। लेकिन कुछ दुकानदार एवं कुछ जनप्रतिनिधि इस बात पर अड़ गए थे कि बैठक के निर्णयानुसार दुकानें गौतम वार्ड में लगेंगी। प्रशासन ने सामंजस्य से बनाते हुए जो दुकानदार गौतम वार्ड में दुकान लगाना चाहते थे, उन्हें वहां अनुमति दी। वहीं जो दुकानदार उपमंडी में जाना चाहते थे उन्हें उपमंडी भेजा गया है। इस तरह मोरछली क्षेत्र में अस्थाई दुकानों से होने वाली बाधा की संभावना फिलहाल तो समाप्त नजर आ रही है।

### स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा

शुक्रवार शाम एसडीएम प्रियंका भल्लावी ने नपकर्मियों के साथ बाजार भ्रमण किया। इस दौरान भल्लावी उपमंडी क्षेत्र पहुंचीं तथा वहां उन्होंने मिट्टी के दिये खरीदे। भल्लावी ने नागरिकों से अपील की है कि स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दें व क्षेत्रीय व्यापारियों से ही सामग्री खरीदें। नप एआरआई संजय परसाई ने बताया कि एसडीएम प्रियंका भल्लावी की अपील पर नागरिकों ने संकल्प लिया कि वे स्थानीय विक्रेताओं से ही त्योहारोपयोगी सामग्री खरीदेंगे। इस दौरान नप राजस्व निरीक्षक जेएन चौरसिया, उपयंत्री बृजेश खानोरकर, सहायक राजस्व निरीक्षक संजय परसाई व अन्य नपकर्मी उपस्थित थे।

## किसानों के खेतों से केबिल चोरी की पुलिस चौकी में हुई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद

समीपस्थ ग्राम गोल के लगभग 10 किसानो के ट्यूब बैलों की केवल चोरी हो गई जिसका आवेदन किसानों द्वारा पुलिस चौकी सेमरी हरचंद को दिया गया संबंध मैं आवेदन करता गिरिराज पटेल प्रशांत पटेल मणिकांत पटेल आदि किसानो से बात करने पर उन्होंने बताया कि लगभग 15 दिनों से गांव के किसानों के ट्यूबवेलो की केबिल चोरी हो रही हैं।

जिसका आवेदन स्थानीय पुलिस चौकी सेमरी हरचंद में दिया है वहीं सहायक उप निरीक्षक अशोक सतनकर से बात करने पर उन्होंने बताया कि ग्राम गोल के किसानों द्वारा ट्यूबवेल की केबल चोरी होने संबंधी आवेदन पत्र प्राप्त हुआ है जांच जांच कर चोरों की तलाश की जाएगी।

## नर्मदापुरम के नैतिक डहारे ने हासिल की अंतर्राष्ट्रीय शतरंज रैपिड वर्ग में फीडे रेटिंग



**नर्मदापुरम।** केंद्रीय विद्यालय एस.पी.एम. नर्मदापुरम के कक्षा 5 के विद्यार्थी नैतिक डहारे आयु 9 वर्ष, पिता श्री अजय डहारे ने हाल ही में शतरंज रेपिड वर्ग में अन्तर्राष्ट्रीय फीडे रेटिंग 1469 प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। नैतिक ने 15 मई 2025 से नेहरू पार्क नर्मदापुरम स्थित शतरंज प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्त करना प्रारंभ किया था। यह प्रशिक्षण जिला शतरंज संघ नर्मदापुरम के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में संचालित किया जा रहा है। जिला शतरंज संघ के तत्वावधान में नेहरू पार्क नर्मदापुरम में नियमित रूप से निःशुल्क शतरंज प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे अनेक बाल खिलाड़ी शतरंज की बारीकियाँ सीख रहे हैं। नैतिक डहारे की इस उपलब्धि से नर्मदापुरम के शतरंज प्रेमियों में हर्ष और गर्व का माहौल है।

## कृषि विभाग सार्वजनिक क्षेत्रों में जन सुविधा के लिए रखवा रहा ब्रेंचें




हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

कृषि विभाग द्वारा शहर में कुछ स्थानों पर समय-समय पर जन सुविधा के लिए बेंच रखवाई जा रही हैं। शुक्रवार को वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी एसके बर्डे ने नप सोहागपुर कार्यालय के समीप बेंच रखवाई हैं।

हरिभूमि प्रतिनिधि से चर्चा में बर्डे ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रचार प्रसार के लिए एक बैंक द्वारा प्रायोजित बेंचें सार्वजनिक स्थलों पर रखवाई जा रही हैं। बर्डे ने बताया कि कृषि विभाग कार्यालय से लगे उद्यान में भी बेंचें रखवाई गई हैं व शुक्रवार को नप कार्यालय के सामने दो बैंच रखवाई हैं। बर्डे ने बताया कि नप उपाध्यक्ष आकाश पटेल ने सुझाव दिया है कि शहर के उद्यानों में जन सुविधा के लिए कृषि विभाग बेंचें रखवा सकता है। बर्डे ने बताया कि प्रति चार माह के अंतराल पर दो-दो बेंच रखवाने का विभाग का लक्ष्य है।

## भाजपा का आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान विधानसभा सम्मेलन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा




स्थानीय रेस्ट हाउस के सुभाष चंद्र बोस हाल में भारतीय जनता पार्टी द्वारा 'आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान सम्मेलन' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' संदेश को जन-जन तक पहुँचाना और स्थानीय उत्पादों व स्वदेशी उद्यमों को बढ़ावा देने का संकल्प लेना रहा।

इस अवसर पर भाजपा नर्मदापुरम जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रीति शुक्ला, लोकप्रिय विधायक प्रेम शंकर वर्मा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संतोष पारीक, जिला महामंत्री श्रीमती ज्योति चौरे, जिला उपाध्यक्ष राजेश गौर, जिला मंत्री रीता ठाकुर एवं जितेन्द्र चौहान, नगर मंडल अध्यक्ष नीरज तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन, वरिष्ठ नेता रघुवीर राजपूत, राजेन्द्र पालीवाल, भिलटदेव मंडल अध्यक्ष सुनील गौर, शिवपुर मंडल अध्यक्ष धर्मेन्द्र गुर्जर, चंद्रकांत पैंटी कुशवाह, दीपक बताव, व्यापारी प्रकोष्ठ संयोजक श्रीधर अग्रवाल, माखन व्यापारी, सुनील कलवानी, जुगनू कलवानी, शैलेन्द्र गौर लोवंशी, ऋषिकांत पटवा, श्रीमती लीना यादव, वंदना पालीवाल, ज्योति सुनील मालवीय, विजय यूरिया, सहित नगर के पार्षदगण एवं बड़ी संख्या में व्यापारी गण उपस्थित रहे।

जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने कहा कि "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भरता की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। हमें अपने गाँव, नगर और जिले के उत्पादों पर गर्व करना चाहिए और उन्हें बढ़ावा देना चाहिए। वोकल फॉर लोकल तभी सफल होगा जब हर नागरिक 'स्वदेशी अपनाओ' का भाव अपने जीवन में लाए।"

विधायक प्रेम शंकर वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि "आत्मनिर्भर भारत का सपना केवल सरकार का नहीं, बल्कि हर भारतीय का संकल्प होना चाहिए। आज़ादी का अमृत काल है — यह वह समय है जब हम अपने स्थानीय कारीगरों, किसानों और व्यापारियों को सशक्त बनाकर भारत को विश्व गुरु बना सकते हैं।"

## तंबाकू मुक्त युवा अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित

**नर्मदापुरम।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत "तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0" के तहत जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम के दंत चिकित्सा विभाग की टीम द्वारा वार्ड क्रमांक 1, सेठ गुरु प्रसाद अग्रवाल स्कूल के पास स्थित बगीचा क्षेत्र में शहरी मलिन एवं झुग्गी बस्तियों में जागरूकता यात्रा आयोजित की गई। कार्यक्रम के दौरान टीम ने लोगों को तंबाकू एवं उसके उत्पादों तथा इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट के हानिकारक प्रभावों के बारे में जानकारी दी। साथ ही बताया गया कि तंबाकू उत्पादों के अत्यधिक उपयोग से युवाओं में मुंह के कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं। इस अवसर पर लोगों को कोटपा अधिनियमों के बारे में अवगत कराया गया तथा उन्हें मुंह की स्वच्छता बनाए रखने, नियमित दंत परीक्षण करवाने और तंबाकू उत्पादों का उपयोग बंद करने की सलाह दी गई। कार्यक्रम के दौरान यह भी बताया गया कि जो लोग तंबाकू की लत से छुटकारा पाना चाहते हैं, वे तंबाकू निवारण केंद्र, जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम में परामर्श प्राप्त कर सकते हैं, जहाँ निकोटीन रिप्लेसमेंट थेरेपी के अंतर्गत निकोटीन टैबलेट एवं अन्य उपचार उपलब्ध कराए जाते हैं।

## सड़क निर्माण कार्य में गिट्टी उखड़ी, मरम्मत के प्रयास तेज



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

नगर पालिका परिषद क्षेत्र के सांडिया रोड पर काया कल्प योजना में शामिल हुए रोड को सिलारि चौराहे से मंगलवारा थाने के आगे चौराहे तक निर्माण कार्य चल रहा है।जो लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के द्वारा बनवाया जा रहा है। लेकिन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पास से लगातार गिट्टी उखड़ने लगी है। लोगों को परेशानी हो रही है। लेकिन एसडीओ से लेकर उपयंत्री सहित अन्य सभी शामिल अधिकारी मौके से हमेशा नदारद है। आगे सड़क निर्माण कार्य चल रहा है। लेकिन पीछे की तरफ कर्मचारी मौके पर एक कैमिकल इस्तेमाल कर रहे हैं तथा उसके ऊपर सीमेंट का घोल डालकर ठीक करने का प्रयास कर रहे हैं। इसी तरहसे बाजारमें भी यही हाल है।जिस सड़क को सीमेंट रोड नाम से जाना जाता है।उसका भी यही हाल है।शोभापुर रोड पर हथवास तिराहे पर लगातार गड्ढे होते जा रहे हैं। लेकिन अभी तक किसी भी सरकारी अधिकारी ने कोई सुधार नहीं कराया गया है।

## नर्मदा वेली अकादमी के विद्यार्थियों ने मनाई वनग्राम नंदरवाड़ा में बच्चों के संग शेयरिंग वाली दीवाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा



दीपों का पर्व दीपावली इस बार नर्मदा वेली अकादमी सिवनी मालवा के विद्यार्थियों के लिए कुछ खास रहा। शासकीय आदेशानुसार शेयरिंग दिवाली कार्यक्रम के अंतर्गत अकादमी के विद्यार्थियों ने वनग्राम नंदरवाड़ा के शासकीय विद्यालय पहुंचकर वहाँ के बच्चों के साथ मिलकर दीपावली का पर्व मनाया। सभी बच्चों ने मिलजुलकर दीप जलाए, मिठाई और टॉफियां बाँटीं तथा एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। नर्मदा वेली अकादमी की ओर से नंदरवाड़ा के विद्यार्थियों को मिठाई, टॉफी और फटाखे वितरित किए गए जिससे वहाँ का वातावरण आनंद और उत्साह से भर गया। छोटे-छोटे बच्चों के चेहरों पर खुशी देखकर उपस्थित सभी लोगों का मन प्रसन्न हो उठा। यह कार्यक्रम न केवल उत्सव का प्रतीक बना बल्कि समाज में सहयोग और संवेदनशीलता की मिसाल भी पेश की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीआरसी श्रीमती संगीता यादव, नर्मदा वेली अकादमी के शिक्षक विक्रम रघुवंशी, चित्रांश साध, दीपिका यदुवंशी, नम्रता गौर, नंदरवाड़ा शासकीय विद्यालय के प्राचार्य परिहार जी, व्यास जी और संगीता परपचे सहित अन्य शिक्षक व ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर बीआरसी संगीता यादव ने कहा कि दीपावली का वास्तविक अर्थ तभी सार्थक होता है जब हम अपनी खुशियां दूसरों के साथ बांटते हैं। नर्मदा वेली अकादमी के बच्चों ने आज जो पहल की है, वह समाज में मानवीयता और अपनत्व की भावना को मजबूत करने वाला कदम है। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने दीप प्रज्वलन कर शुभकामनाओं के साथ संदेश दिया।

## बस स्टॉपेज के नए यातायात नियम का नहीं हो पालन

### शहर में जगह-जगह हो रहा स्टॉपेज




हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

एसडीएम प्रियंका भल्लावी ने गत दिनों नियम तय किया था कि शहर में नवीन बस स्टैंड व लोनिवि रेस्ट हाउस के समीप बसों का स्टापेज होगा। लेकिन अभी भी पुराने ढर्रे पर बस स्टॉपेज जगह-जगह किया जा रहा है।

निजी बसों के चालक शहर में जगह-जगह बीच हाईवे पर बसें खड़ी कर रहे हैं। जिसके कारण यातायात की बाधा उत्पन्न हो रही है। स्पष्ट है कि एसडीएम द्वारा तय नियम का पालन राजनीतिक पकड़ वाले बस ऑपरेटर्स के चालक नहीं कर रहे हैं। जिसे लेकर नागरिकों में नाराजगी तो है, लेकिन जनता लाचार प्रशासनिक स्थिति पर हास्यापद टिप्पणियां कर रहे हैं।

## 69वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ समापन, पुरस्कृत हुई नगर की प्रतिभाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी




लोक शिक्षण शिक्षण संचालनालय मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित 69 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता खंडवा के खालवा में आयोजित की गई उसका समापन कार्यक्रम बैतूल सांसद केंद्रीय जनजाति राज्य मंत्री दुर्गादास उइके एवं मध्य प्रदेश कैबिनेट मंत्री कुंवर विजय शाह द्वारा किया गया। प्रतियोगिता फील्ड ऑफिसर सालकांत बहादुर द्वारा खेल प्रशिक्षक ऊर्जावान बहुमुखी प्रतिभा से संपन्न संतोष यादव के उत्कृष्ट कार्यों, निष्पक्ष रेफरशिप, खेल के लिए समर्पित और अथक परिश्रम की जानकारी मंत्री जी को दी गई।

उन्होंने माननीय शिक्षा मंत्रीजी से चर्चा कर प्रति नियुक्ति पर खेल शिक्षक संतोष यादव को खालवा में 75 करोड़ राशि से निर्मित स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में अपनी सेवाएं हेतु स्वीकृति के संबंध में चर्चा की है।

इस उपलब्धि पर प्रतियोगिता फील्ड ऑफिसर सलकांत बहादुर सतना , अजीत पाल गिल भोपाल, शेख सलीम उमरिया एवं स्टेट ऑफिशियल रजत रोज इंदौर, सी के यादव खालवा ,संजय सिंह रीवा, राजेश विलिया हरदा, रविंद्र नाथ नाग छिंदवाड़ा, सुनील रजक जबलपुर, देवेंद्र प्रताप यादव भोपाल, रहीसुद्दीन ग्वालियर, राजेश पटेल भोपाल , एवं समस्त स्टेट ऑफिशियल एवं खालवा के परम स्नेही नागरिकों , और पचमढ़ी के खेल प्रेमी नगर वासियों ने शुभकामनाएं दी हैं।

### पार्किंग का न होना बनी बड़ी समस्या

## पलकमती पुल पर लगा लंबा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर




शहर में पलकमती नदी पर बनी सड़क मार्ग का पुल अवैध पार्किंग का अड्डा बन गया है। जहां लोग अपने चौपाहिया वाहन पार्क कर बाजार घूमने चले जाते हैं और फिर जाम लगता है। शुक्रवार दोपहर लगभग एक बजे भी यही स्थिति बनी। जब दो वाहन चालक अपनी कारों को पुल पर पार्क कर कहीं चले गए। जिसके कारण काफी देर तक जाम की स्थिति बनी रही। तथा तीखी धूप से बनी गर्मी की स्थिति में नागरिक परेशान हुए। त्यौहार के समय वैसे भी बाजार में जन आवाजाही बहुत अधिक रहती है। जिसके कारण जाम के चलते स्थानीय नागरिकों सहित वाहनों में बैठे यात्री भी बहुत अधिक परेशान हुए। मामले की नागरिकों ने इस बात पर नाराजगी व्यक्त की है कि पुलिसकर्मी बाजार बीट में तैनात तो रहते हैं, लेकिन वे पान व चाय की गुमठियों के आसपास ही रहते हैं। बाजार में तैनात पुलिस वाले अपनी बीट में यातायात व्यवस्था सुधार की ड्यूटी निभाते कम ही नज़र आते हैं। नागरिकों का कहना है कि पलकमती नदी के सड़क मार्ग पुल पर वाहनों की पार्किंग पर रोक क्यों नहीं लग पा रही है।




## नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में हुई बारिश

**जावर।** नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार को मौसम बदल गया। इसके बाद बारिश का दोर शुरू हो गया। कई जगह अब भी सोयाबीन की फसल खेतो में खडी है तो कही कटी हुई फसल खेत खलीहान में पड़ी हुई है, इस के कारण किसान चिंतित नजर आ रहे है। यह बारिश आगामी फसल के लिए लाभकारी होगी।

## सरपंच ने जनपद पंचायत सदस्य पर लगाए मानसिक प्रताड़ना के आरोप, की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत पचलावरामे प्रदीप मेहरा सरपंच है। जो कि एससी वर्ग से आते हैं। इसी ग्रामपंचायत से जनपद सदस्य शिवानी मनीष पटेल है। सरपंच प्रदीप मेहरा ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकिप खान को एक आवेदन पत्र दिया है। जिसमें कहा गया है कि मनीष पिता पंचम सिंह पटेल के द्वारा लगातार सरपंच को मानसिक रूप से सामाजिक स्तर पर दबाव डाला जा रहा है। तथा पंचायत के सभी विकास कार्यों में बांधा डालते हैं।और अपने आप को सरपंच मानकर मेरे साथ जातिगत सूचक शब्दों का उपयोग करते हुए अपमानित किया गया है। जिसके कारण सरपंच प्रदीप मानसिक रूप से परेशान हैं। मनीष पटेल ने जबरजस्ती दबाव डाला गया और मंगल भवन,को तालाब किनारे पर बनवाया गया है। जो इनके घर के पास है। भवन का निर्माण ई कक्ष के पास का प्रस्ताव रखा गया था। तथा इनके दबाव में 3सचिव पंचायत छोड़कर चले गए हैं। मनीष पटेल ने अपने रिश्तेदार भैया पटेल सोहागपुर जनपद पंचायत क्षेत्र से तबादला कराकर पचलावरा में पदस्थ कराया गया है तथा प्रभारी सचिव को हटाने पर जोर दिया गया है तो वह 15दिन के अवकाश पर हैं।

इस दौरान मनीष पटेल ने अपनी पत्नी शिवानी पटेल के लेटर हेड पर जनपद पंचायत सीईओ को रोजगार सहायक भैया पटेल को सचिव का प्रभार देने की अनुशंसा करते हुए सीईओ प्रबल अरजरिया को कहा गया है। जबकि सरकारके द्वारा पंचायत में कोई जनप्रतिनिधि का रिश्तेदार पदस्थ नहीं रहेगा। रोजगार सहायक भैया पटेल पर अनेकों तरह से अनेक आरोप भी है।इस बात को लेकर मनीष पटेल से चर्चा की तो उन्होंने बताया कि सरपंच प्रदीप मेहरा से जानकारी मांगी है जिसमें 4लाख रुपए में गड़बड़ी की है। जानकारी मांगने पर सरपंच ने शिकायत की है।

### उद्घोषणा

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक ईशान अग्रवाल आ. राजीव अग्रवाल निवासी वार्ड नंबर 26 देश बंधुपुरा इटारसी तहसील इटारसी जिला नर्मदापुरम बनाम राजेश यादव आ. देवीराम यादव निवासी मनवाडा तहसील माखननगर जिला नर्मदापुरम है। आवेदक द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मौजा मनवाडा स्थित भूमि खसरा नंबर 65/8 रकबा 0.1330 हे., ख.न. 65/9 रकबा 0.139 हे., ख.न. 119/4, 121/2 रकबा 0.429 हे., ख.न. 119/5, 121/3 रकबा 0.428 हे. जुमला रकबा 1.129 हे. भूमि रूबी वेवा राजीव, ईशान आ. राजीव, ईशा पुत्री राजीव जाति अग्रवाल पता इटारसी नर्मदापुरम के नाम पर शामिल रूप मे दर्ज है। मौजा मनवाडा स्थित भूमि ख.न. 119/4, 121/2 रकबा 0.429 हे. एवं 119/5, 121/3 रकबा 0.428 हे. संपूर्ण भूमि पर राजेश आ. देवीराम जाति यादव निवासी ग्राम मनवाडा के बेजा कब्जा को हटाया जाकर आवेदक को कब्जा पुर्नस्थापित किये जाने हेतु प्राप्त हुआ है। शीर्ष प्रकरण में जिस किसी व्यक्ति, संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय मे पेशी दिनांक 06/11/2025 को स्वयं अथवा अपने विधिक अभिकर्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत करे। नियत अवधि के उपरांत प्राप्त आपत्तियो पर कोई विचार नही किया जावेगा। किसी कारणवश नियत दिनांक को अवकाश घोषित होने पर प्रकरण आगामी कार्य दिवस पर लिया जावेगा। आज दिनांक 16/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया है।

**नायब तहसीलदार**
**माखननगर**

## खबर संक्षेप



### 75 वर्षीय महिला ने किया देहदान, पुलिस ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर

**हरदा।** शहर की वरिष्ठ नागरिक सुमन अवस्थी पति राकेश अवस्थी उम्र 75 वर्ष, निवासी अवस्थी कम्पाउंड, हरदा ने मृत्यु से पूर्व ही देहदान की घोषणा की थी। उनकी अंतिम इच्छा के अनुसार शुक्रवार को परिजनों की सहमति से घर पर क्रियाकर्म के बाद मृत शरीर को एम्स भोपाल भेजा गया, जहाँ डॉक्टर्स की निगरानी में देहदान की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। देहदान जैसे प्रेरणादायक कार्य के सम्मान में पुलिस विभाग की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच. पी. सिंह सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। गौरतलब है कि श्रीमती अवस्थी ने अपने जीवन के अंतिम दिनों तक समाज सेवा जारी रखी। वे महिलाओं को निशुल्क योग प्रशिक्षण देती थीं और स्वास्थ्य जागरूकता के लिए सक्रिय रहीं।

### मतदाता सूची, 24 तक लिए जाएंगे दावे आपत्ति

**हरदा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ जैन ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण का संशोधित कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। पुनरीक्षण 1 जनवरी 2025 की संदर्भ तारीख के आधार पर किया जा रहा है। फोटोयुक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन पहले 13 नवंबर को होना था, अब 21 नवम्बर 2025 को होगा। फोटोयुक्त प्रारूप मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 8 अक्टूबर 2025 को किया जा चुका है। प्रारूप मतदाता सूची के संबंध में अब 24 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे तक दावे आपत्ति लिए जाएंगे। पहले 8 से 17 अक्टूबर तक दावे-आपत्ति लिये जाने थे। दावे-आपत्तियों का निराकरण 4 नवंबर 2025 तक किया जाएगा। फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 21 नवम्बर 2025 को किया जाएगा।

### बिजली तार चोरी, आरोपी पर एफआईआर दर्ज

**हरदा।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा हरदा वृत्त के अंतर्गत ग्राम बड़झिरी में बिजली के तार चोरी करने वाले अज्ञात आरोपित के विरूद्ध थाना रहटगांव में एफ.आई.आर दर्ज कराई गई है। सहायक प्रबंधक सिराली योगेश कुमार गौर ने बताया कि सिराली वितरण केन्द्र के ग्राम बड़झिरी में 24 सितंबर 2025 को अज्ञात व्यक्ति द्वारा 11 केवी पटाल्दा फीडर के 4 पोल के विद्युत लाइन से कीमत 53,434 रूपए के तार चोरी कर लिए गए थे। ग्रामीणों द्वारा 30 सितंबर को चोरी की जानकारी मिलने पर कंपनी द्वारा पंचनामा तैयार कर थाना रहटगांव में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध चोरी की एफआईआर दर्ज कराई गई है। थाना रहटगांव द्वारा एफ.आई.आर. दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए तुरंत कानूनी कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। प्रबंध संचालक ने मैदानी कर्मचारियों और अधिकारियों को सजग रहने को कहा है, ताकि चोरी की घटनाएं न हों और बिजली कंपनी को आर्थिक हानि न हो। कंपनी ने मैदानी अधिकारियों कर्मचारियों से कहा है कि कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक से संपर्क कर किसी भी अप्रिय स्थिति में उनसे आवश्यक सहयोग प्राप्त करें।

### पंचायतों में ग्राम सभा करने के निर्देश

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने सिस्टमैटिक एंड एक्टिव मीटिंग्स इन विलेजेज टू एंड डेवलपमेंट पहल के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को जिले की सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाओं का नियमित मासिक आयोजन कराने के निर्देश दिए हैं। कैलेंडर अनुसार निर्धारित दिवसों में ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाए।

## कलेक्टर ने अधिकारियों व व्यापारियों की बैठक में दिए निर्देश

# कृषि उपज मंडियां भावांतर की खरीदी के लिए आवश्यक तैयारियां कर लें

### किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



जिले में 24 अक्टूबर से भावान्तर योजना के अंतर्गत प्रारम्भ होने वाली सोयाबीन की खरीदी के लिये कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने सभी कृषि उपज मण्डी समितियों को आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होने कहा है कि इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि सोयाबीन विक्रय के लिये आने वाले किसानों को किसी तरह की असुविधा न हो।

सोयाबीन लेकर आने वाले ट्रेक्टर ट्रालियों को खड़ा करने के भी सुविधाजनक इंतजाम किये जाएं। शुक्रवार को आयोजित प्रशासनिक, कृषि एवं मण्डी समितियों के अधिकारियों तथा व्यापारियों के साथ हुई बैठक में कलेक्टर ने कहा कि सभी कृषि उपज मण्डियों में सुव्यवस्थित खरीदी कराने के लिये कर्मचारी तैनात रहें। तौल कांटे दूरूस्त रखे जाएं। व्यापारियों के शेड में अन्य कोई सामान न रखा हो। कलेक्टर ने इस बात पर भी जोर दिया कि सोयाबीन विक्रय का मॉडल रेट अधिकृत रूप से सूचित किया जाएगा। इस संबंध में किसी तरह का भ्रमण अथवा अफवाह न फैलने दी जाए। कलेक्टर ने सभी अनाज अनाज व्यापारियों से भी सोयाबीन खरीदी कार्य में समुचित सहयोग प्रदान करने की अपेक्षा की। बैठक में अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार सहित सभी अनुविभागीय राजस्व अधिकारी, तहसीलदार, कृषि उपज मण्डियों के सचिव एवं कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### भावांतर योजना में 29300 किसानों ने पंजीयन कराया

भावांतर योजना अंतर्गत जिले में 29300 किसानों ने पंजीयन कराया है। पंजीकृत किसानों की जमीन का रकबा 89642.85 हेक्टेयर है। दीपावली त्योहार के कारण 18 अक्टूबर शनिवार से 23 अक्टूबर तक गुरूवार तक कृषि उपज मण्डी प्रांगण हरदा में नीलामी कार्य बंद रहेगा। सचिव कृषि उपज मण्डी समिति हरदा ने बताया कि 18 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक दीपावली त्यौहार होने के कारण मण्डी प्रांगण हरदा में कृषि उपजों का नीलामी कार्य बंद रहेगा। उन्होने किसान भाईयों से अनुरोध किया है कि वे 18 से 23 अक्टूबर तक मण्डी प्रांगण में अपनी कृषि उपज विक्रय के लिये नहीं लावें। शुक्रवार 24 अक्टूबर को शुभ मुर्हुत में सोयाबीन खरीफ भावांतर भुगतान योजनान्तर्गत खरीदी प्रारम्भ होगी।

## संयुक्त प्रदर्शन किया

# अग्नि, विस्फोट दुर्घटना राहत खोज व बचाव पर मॉकड्रिल की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

हरदा में शुक्रवार को अग्नि एवं विस्फोट दुर्घटना राहत, खोज एवं बचाव तकनीक विषय पर मॉकड्रिल का आयोजन किया गया है। मॉकड्रिल के तहत जिला एवं तहसील स्तरीय इंसिडेन्ट रिस्पॉन्स टीम एवं रेस्क्यू टास्क फोर्स के सदस्यों द्वारा अग्नि एवं विस्फोट दुर्घटना राहत, खोज एवं बचाव तकनीक मॉकड्रिल का संयुक्त प्रदर्शन किया तथा आपदा उपकरणों का प्रदर्शन भी किया गया। यह मॉकड्रिल कार्यक्रम संयुक्त कलेक्टर अशोक डहरिया के मार्गदर्शन में श्रीजी बिल्डिंग डिग्री कालेज के बाजू में खण्डवा बायपास रोड़ हरदा में किया गया। इस दौरान प्लाटून कमाण्डर जे.एल. कोठारी, ए.एस.आई. उमेश खले, हवलदार स्टोरमेन दीपक ठाकुर,, आरक्षक कैलाश तोमर, वाहन चालक भारमल यादव सहित होमगार्ड व एसडीईआरएफ के जवान, नगरपालिका फायर बिग्रेड दल, जिला चिकित्सालय के चिकित्सक सभी संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# स्वसहायता समूहों द्वारा तैयार की गई सजावटी सामग्री के विक्रय स्टाल का अवलोकन किया

### दीवाली की सजावटी सामग्री के स्टाल लगाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह, कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गेहलोत व सीईओ जिला पंचायत अंजली जोसेफ ने शुक्रवार को नेहरू स्टेडियम में एक नम्बर गेट पर स्वसहायता समूहों द्वारा लगाए गये दीवाली की सजावटी सामग्री के स्टॉल का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होने इन सजावटी सामग्री की ऑनलाइन मार्केटिंग प्रारम्भ करने के भी निर्देश दिये। यहां शहरी एवं ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वसहायता समूहों द्वारा स्वदेशी सामग्री से मिट्टी के दिये, तोरण, नमकीन, बांस की टोकरी, मूर्तियां, चटाई, कपास की बत्ती, प्राकृतिक फूल, रंगोली के रंग इत्यादि सामग्री काफी किफायती दामों पर उपलब्ध कराये जा रहे हैं।

## एक दिवसीय संस्कृत भाषा विषय का प्रशिक्षण संपन्न

# हाई स्कूल व हायर सेकंडरी के शिक्षकों ने सहभागिता की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



प्रति माह आयोजित होने वाले संस्कृत भाषा विषयक एक दिवसीय प्रशिक्षण गुरुवार को सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर हेमलता अग्रवाल ने बताया कि इस प्रशिक्षण में जिले के हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी कक्षा में अध्यापन कराने वाले संस्कृत शिक्षकों ने सहभागिता की। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कक्षा-कक्ष में संस्कृत भाषा शिक्षण को रोचक एवं प्रभावी बनाने हेतु नवीन नवाचारों का समावेश करना है। इसके साथ ही विद्यार्थियों में संस्कृत के प्रति रुचि जागृत करना तथा माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड रिजल्ट को उन्नयन करना शामिल है। इसके लिए प्रशिक्षण में समूह कार्य (ग्रुप एक्टिविटी) करवाई गई। जिसमें शिक्षकों को प्रोजेक्ट वर्क के रूप में पाठ्यक्रम आधारित(चैप्टर्स) वितरित किए गए। प्रत्येक समूह द्वारा संबंधित अध्याय के आधार पर आदर्श प्रश्न पत्र का निर्माण बोर्ड प्रश्न पत्र के आधार पर भोपाल से ट्रेनिंग प्राप्त हेमलताअग्रवाल द्वारा करना सिखाया। प्रशिक्षण में विषय विशेषज्ञों ने संस्कृत शिक्षण की आधुनिक पद्धतियों, बालकों की भाषा समझ, प्रश्न निर्माण कौशल एवं मूल्यांकन तकनीकों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। अग्रवाल ने बताया कियह प्रशिक्षण शिक्षकों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ, जिससे भविष्य में संस्कृत शिक्षण की गुणवत्ता में निश्चय ही सकारात्मक परिवर्तन आएगा।प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर हेमलता अग्रवाल , राहुल जाट,प्रमोद उपाध्याय, राजेश व्यास एवं जिले के लगभग 100 से अधिक शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## निर्माण के कार्यों की समीक्षा की

# निर्धारित समय पर तैयार करें वृंदावन ग्राम कार्ययोजना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिला पंचायत सभागृह में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंजलि जोसफ ने वृंदावन ग्राम की कार्य योजना निर्माण के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में पशुपालन, कृषि, उद्यानिकी, उद्योग सहित अन्य विभागों के विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए कि वृंदावन ग्रामों की कार्ययोजना 27 अक्टूबर तक पूर्ण रूप से तैयार करें। प्रत्येक विभाग को इस योजना अंतर्गत पांच वर्ष का विजन डॉक्यूमेंट तैयार करना है। सभी विभाग अपना प्लान तैयार कर जिला पंचायत में प्रस्तुत करें तथा कार्ययोजना में स्थानीय संसाधनों को अनिवार्य रूप से शामिल करें। बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रवीण इवने सहित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# परशुराम सेना ने खिरकिया-छीपाबड़ मार्ग पर परशुराम चौक का किया नामकरण

### भगवान परशुराम का फरसे के साथ चित्र लगाया



**खिरकिया ।** शहर के मुख्य मार्ग में राजस्थान मिष्ठान भंडार के पास भगवान परशुराम का फरसे के साथ चित्र लगा कर मध्य रोड पर पूजन अर्चन कर किया चौक का निर्माण, गोधूली बेला में प्रारंभ हुए कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग उपस्थित हुए ।

दीप प्रज्वलन नगर पंचायत अध्यक्ष इंद्रजीत कौर एवं पार्षद श्रीमति सोनम सोनी एवं ब्राह्मण समाज के प्रथम अध्यक्ष गोपाल दादा तिवारी , वरिष्ठ समाज सेवी हरिशंकर टैगोर,परशुराम सेना के प्रदेश अध्यक्ष सुधीर शर्मा , जिला अध्यक्ष नितिन जोशी ने संयुक्त रूप से किया , इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के पूर्व अध्यक्ष राकेश पाराशर, नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष नरसिंह ओझा, एवं राजेंद्र शर्मा, आनंद टैगोर ने अपने विचार व्यक्त किए , इंद्रजीत कौर ने कहा कि यह कार्य मेरे अध्यक्ष जीवन में सबसे अधिक प्रसन्नता देने वाला है और मुझे गौरांवित करने वाला है, क्योंकि भारतीय संस्कृति के मूल में ब्राह्मण समाज ही है जो अपनी संस्कृति का परिचय करवाकर देश दुनिया का मार्गदर्शन करती है, पूर्व अध्यक्ष गोपाल दादा तिवारी ने कहा की नगर पंचायत अध्यक्ष खिरकिया ने ब्राह्मण समाज का जो मान बढ़ाया उसके लिए समाज सदैव उनकी आभारी रहेगी,एकत्रित समाज जनो में भारी खुशी और उत्साह का माहौल था अपने आराध्य देव भगवान परशुराम का जयकारा करते हुए जोरदार आतिशबाजी की गई , इस अवसर पर विशेषरूप से संजय मिश्रा, महेश तिवारी, महेश शर्मा, दीपक रिछारिया, राजू महिवाल , मनोज झिंगन, पं.संतोष सिटोके, उमेश गीते, शशिकांत बिल्लौरे, आशीष पगारे, संदीप शुक्ला, पंकज दुबे, जगदीश टेमले, राज शर्मा, तहसील अध्यक्ष दुर्गेश मिश्रा, नगर अध्यक्ष मोहित सिटोके, उपाध्यक्ष पवन तिवारी , राधारमण शर्मा, बबलू बैरागी, सर्वेश पारे, अंकित शर्मा, अश्मित तिवारी, गगन शर्मा, जयकिशन जोशी, गोविंद जोशी, अनिकेत जोशी, सूरज जोशी, अमितेश शुक्ला, अंशुल तिवारी, ऋतिक कोठारी, हर्षित शर्मा, अंकुर गीते, मुकुंद तिवारी, लव शर्म आदि मौजूद रहे।

## आवागमन में मिलेगी सुविधा

# 3 वार्डों को जोड़ने वाली सड़क का किया गया भूमि पूजन



**खिरकिया ।** भाजपा समर्थित पार्षदों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की तो परिषद को करीब 16 माह से रोके गए निर्माण कार्य तत्काल शुरू कराए गए है । शुक्रवार को शहर की तीन वार्डो को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सड़क का भूमि पूजन वार्ड क्रमांक 4 की पार्षद नेहा दुआ , अध्यक्ष इंद्रजीत खनूजा , पार्षद फूलवती बाई द्वारा किया गया । भाजपा नेता रविंद्र दुआ पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल को सड़क निर्माण भूमि पूजन की जानकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में देते हुए बताया कि प्रेस कॉन्फ्रेंस का असर हुआ है लंबे समय से रुके हुए निर्माण कार्य अब जाकर शुरू हुए हैं । भूमि पूजन में डॉक्टर बृजभूषण बिश्नोई , पार्षद फूलवती बाई स्थानीय नागरिक और नगर परिषद के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे । पार्षद नेहा दुआ ने बताया कि वार्ड के नागरिकों की सड़क नाली पानी से लेकर हर मूलभूत समस्याओं के लिए हर स्तर प्रयास किया जाएगा लंबे समय से हम वार्ड में सड़क निर्माण की मांग कर रहे थे जो आज पूरी हुई । आने वाले दिनों में शहर की सबसे ऐतिहासिक धरोहर गांधी चौक के जीर्णोद्धार के लिए समुचित प्रयास किए जाएंगे। गांधी चौक कायाकल्प के मामले में जल्द ही हरदा कलेक्टर से मिलकर निर्माण शुरू कराए जाएं की मांग करेंगे। सड़क का भूमि पूजन हुआ है उसे तीन वार्ड के नागरिकों को आवागमन के लिए बढ़िया सुविधा मिलेगी।

## स्कूली छात्रों ने किया भ्रमण

# औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के बारे में विभिन्न जानकारी ली




**रहटगांव।** शा मॉडल उमावि चौकड़ी के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रहटगांव का भ्रमण किया गया। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के अधीक्षक प्राचार्य राकेश ने सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं जानकरी से अवगत कार्या। इस दौरान संबंधित प्रशिक्षण अधिकारियों के द्वारा भी जानकारी दी गई। कोपा कंप्यूटर ट्रेड की जानकारी प्रियंका बोरकर एवं अंजलि द्विवेदी ने दी। विद्युत कार व्यवसाय की जानकारी बैजनाथ लूनिया ने, फिटर व्यवसाय की जानकारी प्रणय कुमार तिवारी, वेल्डर ट्रेड की जानकारी ज्ञानेंद्र ने दी। इसके साथ ही इलेक्ट्रिक मैकेनिक व्हीकल व्यवसाय की जानकारी पवन ने दी। छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक गजराज सिंह गौर, शुभश्री उइके, विशाल विश्कर्मा, सोनू उइके, निधि सोनी,प्रिया गोस्वामी ने औद्योगिक संस्थान का पारिभ्रण किया।

## मध्यप्रदेश लेखक संघ जिला ईकाई द्वारा साहित्य संगोष्ठी आयोजित

# साहित्य अध्ययन विलक्षण आनंद की अनुभूति देताः जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



साहित्य अध्ययन हमें विलक्षण आनन्द की अनुभूति कराता है। जिले में साहित्य एवं लेखन से जुड़ी प्रतिभाओं को बेहतर मंच उपलब्ध कराने के प्रयास किए जाएंगे। यह बात कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने कही। मध्यप्रदेश लेखक संघ की हरदा जिला ईकाई द्वारा शुक्रवार को साहित्य संगोष्ठी एवं दीपावली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कलेक्टर सिद्धार्थ जैन थे। संगोष्ठी का संयोजन सेवा निवृत्त अपर कलेक्टर और दुष्यंत दुष्यंत कुमार स्मृति संग्रहालय भोपाल के अध्यक्ष आर.आर. वामनकर एवं सेवा निवृत्त प्राचार्य डॉ. प्रभुशंकर शुक्ला ने किया। संगोष्ठी में जिले के साहित्यकारों ने अपनी कविताओं का पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शिरीष अग्रवाल द्वारा किया गया। संगोष्ठी में सर्वप्रथम सावन सिटोके द्वारा अपनी रचना कभी घूम आते थे पहले मामा के गांव रतन सोलंकी ने अरमानों के दीप जलाकर दीपावली मनाएंगे शायर मंसूर अली ने हम हिन्दोस्तानी मुहब्बत की कदर रखते हैं प्रस्तुत की।

कवि सुभाष सिटोके ने कलम धन्य हो जाती है जब जन हेतु लिखा करती है, एलजी लोमेश गौर ने हमको तो जनता के दर्द लिखने की हिम्मत है जयकृष्ण चांडक ने दूरियां दरम्यां समझता हूँ पर मैं लाचारियां समझता हूँ, जी.आर. गौर द्वारा घर घर में अलख जगाना है, हर नशे को बंद कराना है कविताएं प्रस्तुत की। संचालन कर रहे डॉ. गिरीश अग्रवाल ने भी बीच बीच में अपनी सुंदर काव्य रचनाओं की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. प्रभुशंकर शुक्ला ने कहा कि हरदा साहित्य साधना का जिला है। यहां के साहित्यकारों की ख्याति राष्ट्रीय स्तर पर है। आर.आर. वामनकर ने कहा कि हरदा में नियमित साहित्य संगोष्ठी का आयोजन किया जाए। अंत में कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में डॉ. प्रभुशंकर शुक्ला द्वारा रचित स्मृति एवं संस्कार पुस्तक का विमोचन भी किया गया।